# लीवर से जुड़ी रहस्यमयी बीमारी

हाल ही में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ-साथ स्पेन, डेनमार्क और नीदरलैंड में लीवर से संबंधित एक रहस्यमयी बीमारी के कुछ मामले सामने आए हैं।

## क्या है यह रहस्यमयी बीमारी?

- **परिचय:**
  - **1 से 6 साल की उम्र के बच्चे** इस बीमारी के शिकार हुए हैं।
  - रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बीमारी आमतौर पर सर्दी-जुकाम से जुड़े **विषाणु** के कारण हो सकती है।
  - अभी तक यह बीमारी बहुत गंभीर बताई जा रही है। हालाँकि इससे अब तक किसी बच्चे की मौत नहीं हुई है, लेकिन अमेरिका और ब्रिटेन में छह बच्चों का लीवर ट्रांसप्लांट करना पड़ा है।
- **लक्षण:**
  - इसके लक्षण सामान्य यकृत रोग जैसे **हेपेटाइटिस** या यकृत की सूजन के समान ही हैं लेकिन इसका कारण अभी भी अज्ञात है।
  - पीलिया, **डायरिया** (दस्त) और पेट दर्द जैसे लक्षण भी देखे गए हैं।
- **संभावित कारण:**
  - प्रयोगशाला परीक्षण में बीमारी के लिये **हेपेटाइटिस** प्रकार A, B, C और E वायरस के संक्रमण की संभावना से इंकार किया गया है जो आमतौर पर ऐसी बीमारियों का कारण बनते हैं। यदि इस बमिारी के प्रसार में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की कोई भूमिका है तो वह अभी तक ज्ञात नहीं है।
  - संभवतः इसके लिये **एडेनोवायरस (adenoviruses) नामक** वायरस का एक समूह उत्तरदायी है जो श्वसन संबंधी बीमारियों जैसे सामान्य सर्दी-जुकाम का कारण बनता है।
  - कुछ यूरोपीय बच्चे एडेनोवायरस पॉजिटिव पाए गए है जबकि कुछ कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं।
    - टीकों के लिये सामान्यतः एडेनोवायरस को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि उनका **डीएनए** (DNA) दोहरी कुंडली युक्त (Double Stranded)होता है जो उन्हें आनुवंशिक रूप से अधिक स्थिर बनाता है और इंजेक्शन के बाद उनके बदलने की संभावना कम होती है।
  - अतः विश्लेषण के अनुसार, हेपेटाइटिस संभावित रूप से **एडेनोवायरस 41** के साथ जुड़ा हो सकता है।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mysterious-liver-disease